Permanent Mission of India to the United Nations
New York

Hindi @ UN Project

Press Release

The Government of India has been making continuous efforts to expand the use of Hindi in the United Nations. As part of these efforts, 'Hindi @ UN' project, in collaboration with the UN Department of Public Information, was launched in 2018 with an objective to enhance the public outreach of the United Nations in Hindi language, and to spread greater awareness about global issues among millions of Hindi-speaking people around the world.

India has been partnering with the UN Department of Global Communications (DGC) since 2018 by providing an extra-budgetary contribution to mainstream and consolidate news and multimedia content of DGC in Hindi language.

Since 2018, the UN News in Hindi is disseminated through UN's website (https://news.un.org/hi/) and social media handles - Twitter @UninHindi, Instagram "unitednationshindi" and a UN Facebook Hindi page. A UN News-Hindi audio bulletin (UN Radio) is released every week. Its weblink is available at the UN Hindi News website as well as at the Soundcloud – "UN News-Hindi".

To continue with this initiative, a cheque of US$ 800,000 was handed over today to Ms. Mita Hosali, Deputy Director and Officer In-Charge (News and Media Division), United Nations Department of Global Communications.

* * *

संयुक्त राष्ट्र स्थित भारत का स्थाई मिशन
न्यूयॉर्क

Hindi@UN प्रोजेक्ट

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

संयुक्त राष्ट्र में हिंदी के उपयोग को बढ़ाने के लिए भारत सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इन प्रयासों के अंतर्गत, संयुक्त राष्ट्र के सार्वजनिक सूचना विभाग के सहयोग से, 'Hindi@UN' प्रोजेक्ट 2018 में शुरू किया गया। इसका उद्देश्य हिंदी भाषा में संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक पहुँच को बढ़ाना और वैश्विक मुद्दों के बारे में दुनिया भर में करोड़ों हिंदी भाषी लोगों के बीच अधिक जागरुकता फैलाना है।

हिंदी भाषा में संयुक्त राष्ट्र के समाचार और मल्टीमीडिया सामग्री को मुख्यधारा में लाने और प्रचार करने हेतु, भारत 2018 से संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग (डीजीसी) को अतिरिक्त बजटीय योगदान प्रदान कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के समाचार हिंदी भाषा में संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट (https://news.un.org/hi/) और सोशल मीडिया - ट्विटर @UninHindi, इंस्टाग्राम "unitednationshindi" और फेसबुक पेज facebook.com/UnitedNationsHindi के माध्यम से 2018 से प्रसारित किये जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र समाचार-हिंदी ऑडियो बुलेटिन (यूएन रेडियो) प्रत्येक सप्ताह जारी किया जाता है। इसका वेबलिंक संयुक्त राष्ट्र हिंदी समाचार वेबसाइट के साथ-साथ साउंडक्लाउड - "यूएन न्यूज-हिंदी" पर भी उपलब्ध है।

इस पहल को मजबूती देने हेतु, 8,00,000 अमेरिकी डॉलर का चेक सुश्री मीता होसाली, उप निदेशक और प्रभारी अधिकारी (समाचार और मीडिया प्रभाग), संयुक्त राष्ट्र, वैश्विक संचार विभाग को सौंपा गया।

* * *